दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली।। बुधवार 06 मार्च -2024 | वर्ष: 8 अंक: 147 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य: ₹3



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली ।। बुधवार 06 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 147 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | पृष्ठ - 2 | ● मूल्य : ₹3










## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार: सुनील शर्मा, ओपी राजभर, दारा सिंह और अनिल कुमार बने मंत्री, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

**लखनऊ (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के दूसरे का कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। मंगलवार शाम को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने चार नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, भाजपा विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर भी सभी नये मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में आज मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई! पूर्ण



विश्वास है कि आप सभी 'मोदी की गारंटी' को धरातल पर उतारते हुए 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मेरी मंगलमय शुभकामनाएं!

ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरुण राजभर ने कहा कि मैं और मेरा परिवार प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता है। हमारे पिताजी ने जो संघर्ष किया आपके सामने वो आज दिखाई देगा। हम छोटे और गरीब परिवार से निकल कर के आज यहां तक पहुंचे हैं। हम देश की जनता और वंचित वर्ग राजभर की लड़ाई सड़क से सदन तक करते रहे हैं। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की कर रहा है। आज उनके नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। हम 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए काम करेंगे और प्रदेश की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

### दो लाख से ज्यादा वोटो से जीते थे सुनील शर्मा



सुनील शर्मा साहिबाबाद से बीजेपी के विधायक हैं। वह तीन बार से विधायक बन रहे हैं। शर्मा प्रदेश के बड़े ब्राह्मण नेताओं में गिने जाते हैं। उन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में मंत्री बनने का मौका मिला है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रेकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। माना जा रहा है लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने के क्रम में सुनील शर्मा को मंत्री बनाया गया है।

## पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने लोकसभा की दावेदारी दर्ज कराई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने मंगलवार को अपनी लोकसभा की दावेदारी दर्ज कराई। उन्होंने भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को अपना बायोडाटा गाज़ियाबाद लोकसभा सीट से दिया।

गौरतलब है कि मान सिंह गोस्वामी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं, वह क्षेत्रीय टीम में जहां उपाध्यक्ष रह चुके हैं वहीं हापुड़ ज़िले के प्रभारी वाली ज़िम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने पार्टी द्वारा दिये गये सभी महत्वपूर्ण आयामों को सफलता पूर्वक संभाला है।

ऐसे में लोकसभा चुनाव को लेकर दिया गया उनका बायोडाटा कार्यकर्ताओं में काफी पॉजिटिव संदेश दे रहा है। उनकी दावेदारी से एक चर्चा इस बात को लेकर प्रबल हुई है कि अगर जमीनी और पुराने कार्यकर्ता खुद के चुनाव लड़ने की दावेदारी नहीं करेंगे तो उनका संदेश पार्टी अलाकमान तक कैसे पहुँचेगा।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 06 मार्च -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# भाजपा ने दिया पुराने कार्यकर्ता को बड़ा सम्मान

## यूपी कैबिनेट में आया विधायक नंबर वन का नाम




**सुनील शर्मा की ताजपोशी का मैसेज ही ये है कि कार्यकर्ता को भाजपा कैबिनेट लेकर जाती है। सुनील शर्मा मूल भाजपाई हैं वो जिला अध्यक्ष रहे हैं। तीसरी बार विधायक हैं। भाजपा के विपक्ष वाले दौर से लेकर भाजपा की लहर वाली सरकार तक वो साथ रहे हैं।**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मंगलवार का दिन विधायक सुनील शर्मा के लिए उनके सियासी जीवन का सबसे मंगलमय दिन होकर आया। एक ऐसा दिन जिसने उस सपने को साकार किया, जो सपना हर विधायक देखा करता है। सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री बनाये गये। इसी के साथ एक बडा संदेश गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक ये गया कि भाजपा ने अपने पुराने कार्यकर्ता को बड़ा सम्मान दिया है। सुनील शर्मा का नाम उत्तर प्रदेश की कैबीनेट में आया है। सरकार ने उन्हें कैबीनेट मंत्री बनाया है। सुनील शर्मा की ताजपोशी का मैसेज ही ये है कि कार्यकर्ता को भाजपा कैबीनेट लेकर जाती है। सुनील शर्मा मूल भाजपाई हैं वो जिला अध्यक्ष रहे हैं। तीसरी बार विधायक हैं। भाजपा के विपक्ष वाले दौर से लेकर भाजपा की लहर वाली सरकार तक वो साथ रहे हैं। हमेशा कार्यकर्ता की तरह काम किया है और मंगलवार को भाजपा ने एक बड़ा संदेश दिया और अपने पुराने कार्यकर्ता को घर से बुलाकर सरकार में होने का सम्मान दिया।

### किस्मत कनैक्शन की बजी टोन और लखनऊ से आ गया फोन

करंट क्राइम। सुनील शर्मा ने सोचा भी नहीं होगा कि 5 मार्च की तारीख और मंगलवार का दिन उनके जीवन में इतना मंगल लेकर आयेगा। किस्मत कनैक्शन ने जब अपनी टोन सैट की तो घर पर बैठे सुनील शर्मा को लखनऊ से फोन आ गया। उन्हें बताया गया कि आपको मुख्यमंत्री आवास पर आना हैं। सुनील शर्मा विधायक हैं और वो एक पल में समझ गये कि किस्मत बदलने वाली है। उन्होंने घड़ी देखी और तुरंत ही समय की नजाकत को भांपते हुए एक-एक पल का हिसाब लगा लिया। गाजियाबाद से लखनऊ की दूरी तय करने में कोई देरी ना हो इसके लिए उन्होंने दिल्ली से फ्लाईट पकड़ ली। यह फ्लाईट मंगलवार को दोपहर ढाई बजे लखनऊ में लैंड हुई और राइट टाइम पर सुनील शर्मा मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और पांच बजे उन्होंने कैबीनेट मंत्री के पद की शपथ ग्रहण कर ली। बेहद रोचक घटनाक्रम रहा। एक फोन के बाद राजनीति ने करवट ले ली और मंगलवार की सुबह विधायक सुनील शर्मा अपने घर पर थे और मंगलवार की शाम को वो कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा हो गये और लखनऊ में थे।

**किस्मत कनैक्शन ने जब अपनी टोन सैट की तो घर पर बैठे सुनील शर्मा को लखनऊ से फोन आ गया। उन्हें बताया गया कि आपको मुख्यमंत्री आवास पर आना हैं।**

### सामान्य परिवार है और सनातन के संस्कार हैं



करंट क्राइम। सुनील शर्मा पेशे से अधिवक्ता हैं। लगातार तीसरी बार के विधायक हैं और उनकी जीवन शैली पूरी तरह से सनातन संस्कृति से जुड़ी है। सामान्य परिवार से आते हैं और धार्मिक संस्कार हैं। उनकेदो फोटो मां के प्रति उनके सम्मान को बताने के लिए काफी हैं। जब वह इंग्राहम इंस्टीट्यूट में वोट डालने गये तो यहां वो अपनी मां का हाथ पकड़कर उनके साथ गये और मंत्री बनने से कुछ दिन पहले ही उन्होंने अपनी मां को धार्मिक यात्रा करायी। रामलला गर्भ ग्रह प्राण प्रतिष्ठा की बात आई तो सुनील शर्मा ने पुरानी पोस्ट से बताया कि इस आंदोलन में वो भी कारसेवक थे। सुनील शर्मा साफ्ट हिंदुत्व का राष्ट्रवादी चेहरा हैं। भाषा पर संयम रखते हैं लेकिन इरादे अडिग रखते हैं। एक सामान्य कार्यकर्ता को कैबीनेट मंत्री बनाये जाने के बाद एक सामान्य परिवार में जन्में सुनील शर्मा के घर पर खुशी का माहौल है। कार्यकताओं में उत्साह व्याप्त है।

### छोटा सा विस्तार और हुआ बड़ा सपना साकार

करंट क्राइम। सुनील शर्मा का नाम पहले भी मंत्री मंडल के लिए चला है। जब सरकार दूसरी बार रिपीट हुई तो सुनील शर्मा का नाम योगी कैबीनेट 2 के विस्तार वाले चेहरों में था। उनके नाम का मैसेज टीवी न्यूज चैनल पर फ्लैश भी हो गया था। मगर बाद में राम जाने कौन सा क्लैश हुआ और फिर उन्हें फोन ही नहीं आया। इस बार भी सुनील शर्मा आश्वस्त नहीं थे लेकिन जब टीवी में न्यूज चली तो उन्हें भी यकीन नहीं था कि छोटे से मंत्री मंडल के विस्तार में इतना बड़ा सपना साकार होने जा रहा है। 4 मंत्री इस मंत्रीमंडल में लिये जाने थे। रालोद गठबंधन के बाद ये एक तरह का एडजस्टमेंट विस्तार था। विस्तार ज्यादा बड़ा नहीं होना था लेकिन सुनील शर्मा को भी पता नहीं था कि विस्तार बिफोन इलैक्शन ने उनका सलैक्शन कैबीनेट मंत्री में होने जा रहा है। अब विधायक सुनील शर्मा कैबीनेट मंत्री हैं और उन्हें एक बड़ा सम्मान मिला है।

### राज्यमंत्री-स्वतंत्र प्रभारी और अब कैबिनेट वाला उपहार



करंट क्राइम। योगी सरकार में सबसे पहले गाजियाबाद के शहर विधायक अतुल गर्ग को राज्यमंत्री बनाया गया। अतुल गर्ग खाद एवं रसद राज्यमंत्री रहे और फिर स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्यमंत्री रहे। उनके बाद नरेन्द्र कश्यप को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया और अब गाजियाबाद को कैबीनेट मंत्री का उपहार मिला है। विधायक नंबर वन सुनील शर्मा को सरकार में कैबीनेट मंत्री बनाया गया है। इस ताजपोशी के पीछे ब्राह्मण फैक्टर भी माना जा रहा है। चुनावों से पहले वेस्ट यूपी में इस फैक्टर को साधा गया है। लोकसभा में पहले ब्राह्मण चेहरे के रूप में नोएडा के सांसद महेश शर्मा का नाम रिपीट हुआ और अब छोटे से कैबीनेट विस्तार में सबसे बड़ी विधानसभा के विधायक नंबर वन सुनील शर्मा को मंत्री बनाया गया है। सुनील शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि वह कैबीनेट मंत्री बनाये जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। वह इस जिम्मेदारी को सम्पूर्ण पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ निभायेंगे।

### सुनील शर्मा की ताजपोशी है देवतुल्य कार्यकर्ता का सम्मान : हिमाशु लव



करंट क्राइम। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा को कैबीनेट मंत्री बनाये जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया। हिमांशु लव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुनील शर्मा को कैबीनेट मंत्री बनाकर भाजपा सरकार ने और शीर्ष नेतृत्व ने सही मायनों में देवतुल्य कार्यकर्ता का सम्मान किया है। यह दिखा दिया है कि भाजपा में कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है और भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास की ऊंचाईयां छू रहा है। सुनील शर्मा के कैबीनेट मंत्री बनने के बाद गाजियाबाद का भी गौरव बढ़ा है। वह राजनीति के एक ईमानदार चेहरे हैं और उनके कैबीनेट मंत्री बनने पर मैं उन्हें दिल की गहराईयों से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

### कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर जगदीश साधना ने दी बधाई



करंट क्राइम। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा को कैबीनेट मंत्री बनाये जाने पर बधाई दी है। जगदीश साधना ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे गाजियाबाद का सम्मान है और गाजियाबाद की पूरी भाजपा का सम्मान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबीनेट में शामिल होने के बाद अब यहां विकास में भी गति आयेगी और कार्यकताओं में भी उत्साह का माहौल व्याप्त होगा। सुनील शर्मा के कैबीनेट मंत्री बनने के बाद गाजियाबाद की कई समस्याओं का भी उद्धार होगा। उन्होंने कहा कि इस पुनीत पावन कार्य के लिए मैं पुन: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करता हूं और कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

## मंगलवार को जनरल की लोकसभा में रही चहल-पहल

### आवास पर चाय के साथ दिया संदेश सब कुछ है पूरी तरह से मंगल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। टिकट होल्ड के बाद लगातार भाजपा में चर्चा चल रही है। एक खेमें में कह दिया था कि होल्ड किया है और अब कुछ बोल्ड ही होगा। वहीं उनके समर्थकों में सोशल मीडिया से संदेश दिया कि कहो दिल से जनरल फिर से। इन सब चचाओं के बीच बड़ी चर्चा वो थी जो दिल्ली के गलियारों से निकल कर आई जिसमें ये बताया गया कि साहब की मुलाकात सबसे बड़े चेहरे से हो चुकी है। बताने वाले ने जोर देकर बताया कि उस वाले छोर से मामला एन्श्योर कर दिया गया है। जब ये खबर आई तो इसक इफैक्ट भी दिखाई दिये और कई दिन से सीन से आउट चल रहे जनरल वीके सिंह के दर्शन अपनी लोकसभा में हुए। मंगलवार को जनरल की दस्तक ने बहुत कु छ संदेश दिया। जनरल वीके सिंह यूं तो कई कार्यक्रमों में गये लेकिन सबसे खास संदेश उनके राजनगर वाले आवास से निकला। यहां पर उन्होंने अयोध्या टूर पर गये उन कोच अध्यक्ष की बैठक बुलाई जिन्हें इस यात्रा में कोच अध्यक्ष बनाय गया था। जब ये बैठक बुलाई तो यहां दीदी मृणालिनी भी नजर आई और कार्यकताओं के लिए चाय भी मंगवाई गई। कार्यकताओं के साथ चाय पर सफर की चर्चा हुई। सांसद आवास पर चहल पहल और जनरल वीके सिंह के चेहरे की सहज मुस्कान बता रही थी कि सबकुछ मंगल है। जनरल वीके सिंह अपनी लोकसभा क्षेत्र में आये, कार्यकताओं से भी मिले और ये एक संदेश था कि टिकट को लेकर कोई भी सीन विकट वाला नहीं है। वो सफर की जानकारी दे गये और खास बात ये है कि आज भी जनरल अपनी लोकसभा में पूरी तरह से एक्टिव रहने वाले हैं। वो आज सुबह मुरादनगर में रैपिड मेट्रो वाले स्टेशन पर नमो भारत वाले कार्यक्रम में रहेंगे। उसके बाद वो मुरादनगर विधानसभा से शहर विधानसभा में आयेंगे और यहां जिला अस्पताल में मैडिकल कैम्प का उद्घाटन करेंगे। शाम को साहिबाबाद विधानसभा में वो होटल रेडीसन ब्लू में एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। सुबह से शाम तक वो तीन विधानसभाओं में अलग-अलग कार्यक्रम में रहेगें। तीनों विधानसभाओं से अपनी लोकसभा का संदेश देंगे। कहने वाले यही कह रहे हैं कि अगर टिकट होल्ड में कोई पेंच होता तो लोकसभा में ये एक्टिविटी नहीं होती। इस चर्चा में जबरदस्त दम है कि उन्हें भाजपा के सबसे बड़े पॉवर हाऊस से वो करंट मिल गया है जिसके मिलने के बाद किसी भी फ्यूज की कोई गुंजाइश नहीं बचती है।

## मीरापुर में दिखायेगी भाजपा कोई गठबंधन रिएक्शन

### प्रशांत चौधरी को क्या मिलेगा मौका लड़ने का विधानसभा इलैक्शन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बदलती सियासी परिस्थितियों में बहुत कुछ बदला है। गठबंधन हुआ है तो इसके इफैक्ट भी आ रहे हैं। भाजपा ने अपनी जीती हुई सीट बागपत को गठबंधन समझौते में रालोद को दिया है। अब सियासी जानकार यहां अन्य सीटों पर भी चुनावी कैलकुलेशन लगा रहे हैं। उन सब में इलैक्शन वाले कैलकुलेशन में एक सीट मीरापुर विधानसभा की भी है। यहां पर अगर चुनावी फ्लैशबैक में जायें तो ये भाजपा के लिए सबसे टफ सीट है और यहां विधानसभा में रालोद के चंदन चौहान ने जीत हासिल की थी। भाजपा ने इस सीट से पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को उम्मीदवार बनाया था। प्रशांत चौधरी ने यहां थोड़े समय में ही चुनाव पर अपनी पकड़ बनायी और इस चुनाव में उनका मुकाबला रालोद और सपा के गठबंधन उम्मीदवार से था। यहां पर प्रशांत चौधरी ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन गठबंधन उम्मीदवार चंदन चौहान कामयाब रहे। अब सीन बदल गया है और जिस रालोद ने भाजपा को सपा के साथ मिलकर शिकस्त दी थी अब वो रालोद भाजपा के साथ है और रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने गठबंधन के बाद यहां से अपने विधायक चंदन चौहान को बिजनौर लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया है। अब मीरापुर सीट खाली है और चर्चा यही है कि क्या भाजपा मीरापुर सीट पर कोई रिएक्शन दिखायेगी और क्या वो यहां विधानसभा में मजबूती से लड़ने वाले प्रशांत चौधरी को फिर से विधानसभा का चुनाव लड़ायेगी। चर्चा भी यही है कि बीजेपी और आरएलडी की कैमस्ट्री में सपा आज अलग है और भाजपा यहां मजबूत है। रालोद और भाजपा गठबंधन से उम्मीदवार आयेगा तो यहां सीन बदल जायेगा। जो भी हो यहां पर भाजपा के लिए राहें आसान हों सकती हैं अगर वो इस टफ सीट पर मजबूत उम्मीदवार ले आये। यहां प्रशांत चौधरी के लिए भी गठबंधन वाले योग उन्हें चुनावी आक्सीजन देंगे। प्रशांत चौधरी ने अपनी निरंतरता वाली लय को कायम रखा है। राजनीति क्या गणित बनायेगी और भाजपा यहां अगर प्रशांत चौधरी को मुकाबले में लायेगी तो ये डगर उसके लिए आसान हो सकती है। उसकी वजह भी यह है कि प्रशांत चौधरी ने यहां से विधानसभा चुनाव लड़ा है। वो यहां भाजपा चेहरे के रूप में अपनी छाप छोड़ चुके हैं और अब गठबंधन की डगर में अगर उन्हें मौका मिलता है तो वो खुद को साबित कर सकते हैं।

# 20 परिवार परामर्श केंद्र संचालित करने वाला गाजियाबाद बना प्रदेश का पहला कमिश्नरेट

## विधायक मंजू शिवाच ने कहा मुख्यमंत्री से करेंगी प्रदेशभर में इस योजना को लागू करने की गुजारिश

## पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र बोले महिलाओं को मिल रहा है इससे सम्मान और त्वरित न्याय





### पति-पत्नी का विवाद बढ़ाता है तनाव और सामाजिक दूरियां : विधायक




(करंट क्राइम)। विधायक मंजू शिवाच ने 20 पिंक बूथ पर 20 परिवार परामर्श केंद्र की शुरूआत होने के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी परिवार के टूटने का असर समाज और जिनके घर टूटता है उन पर सबसे अधिक पड़ता है। पुलिस और न्यायालय के पास वैसे भी तमाम तरह की फाइलों का दबाव रहता है। ऐसे में परिवार परामर्श केंद्र एक ऐसा स्थान बने जहां बेहतर काउंसलिंग हो। पति-पत्नी के बीच जो दूरियां हैं, उसे दूर किया जाए। डिप्रेशन के शिकार होने से दोनों को बचाया जाए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के सामने यह बात भी रखी की जब पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ता है, तो उसका असर परिवार पर भी पड़ता है और उन बच्चों के साथ अन्याय होता है जिनका कोई दोष नहीं होता। इस विधायक मंजू शिवाच ने पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र की वर्किंग स्टाइल और कम समय में बेहतर विकल्प तैयार करने के लिए तारीफ करते हुए उनको धन्यवाद भी दिया।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद प्रदेश का पहला ऐसा जनपद बन गया है, जहां सबसे ज्यादा परिवार परामर्श केद्रों की शुरूआत की गई है। मंगलवार को गाजियाबाद पुलिस लाइन के परमजीत हॉल में मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद अजय कुमार मिश्र और एडिशनल सीपी कानून एवं महिला अपराध कल्पना सक्सेना ने गाजियाबाद के 20 पिंक बूथ पर परिवार परामर्श केंद्र की शुरूआत की है।

इस दौरान विधायक मंजू शिवाच ने बताया कि लगभग 5 महीने पूर्व उन्होंने गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र से परिवार परामर्श केंद्र प्रत्येक पिंक बूथ पर शुरू करने का आग्रह किया था। जिसको उन्होंने बेहद कम समय में सफलतापूर्वक शुरू करवाया है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। इस दौरान विधायक मंजू शिवाच ने कहा है कि वह जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर गुजारिश करेंगी की गाजियाबाद में शुरू की गई प्रत्येक पिंक बूथ पर परिवार परामर्श केंद्र की योजना को प्रत्येक जनपद में चलाया जाए। उन्होंने कहा इसका लाभ यह होगा कि महिलाओं को अधिक लाभ मिलेगा और उनका सम्मान भी रहेगा। उनको सुरक्षा का भाव पैदा होने के साथ ही स्वावलंभन भी नजर आएगा।

### कार्यक्रम की थीम रही पिंक

करंट क्राइम। पुलिस लाइन में 20 पिंक बूथ पर शुरू किए गए 20 परिवार परामर्श केंद्रों के कार्यक्रम में पिंक थीम हावी रही। यहां सजावट से लेकर स्वागत पठ और पिंक पानी की बोतल से लेकर रिबन और टेबल पर भी पिंक थीम नजर आ रही थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक मंजू शिवाच मोदीनगर, पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, कल्पना सक्सेना, डीसीपी सिटी जोन ज्ञानंजय सिंह, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र कुमार, एडीसीपी क्राइम सच्चिदान, एसीपी पुलिस लाइन अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी महिला अपराध पूनम मिश्रा, एसीपी ऑफिस जियाउद्दीन, एसीपी ट्रैफिक प्रियाश्री पाल, पुलिस लाइन निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित 20 पिंक बूथ की महिला प्रभारी और बनाए गए नए काउंसलर कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।


### महिला अपराध को लेकर प्रतिबद्ध हैं एडिशनल सीपी



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना का कहना है कि हम महिला अपराध रोकथाम और निवारण के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिस प्रकार से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 20 पिंक बूथ पर 20 परिवार परामर्श केंद्र की शुरूआत की गई है, उसका लाभ आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंदर और प्रमुखता के साथ दिखेगा। इस दौरान उन्होंने एसीपी पूनम मिश्रा को कार्यक्रम में मंच संचालन, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और अन्य तैयारियां को बेहतर ढंग से निभाने की भी तारीफ की।

### पुलिस कमिश्नर ने कहा महिलाओं को मिलेगा न्याय और कम हो रहा है क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कार्यक्रम में बोलते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने कहा गाजियाबाद में बीते लगभग 6 महीने के दौरान कुल 3071 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें एक मार्च 2014 तक 3006 का निस्तारण किया जा चुका है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में पिंक बूथ शुरू होने से पहले लगभग 710 महिला अपराध से संबंधित मारपीट, छेड़छाड़, पति-पत्नी में झगड़ा, झपटमारी और घरेलू हिंसा के शिकार के मुकदमें दर्ज हुए थे जबकि कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद कुल 732 ऐसे मामले अब तक प्रकाश में आए हैं। वहीं पिंक बूथ बनने के बाद महिलाओं को न्याय दिलवाने में मदद मिली है। साथ ही क्राइम का रेशियो भी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि कोर्ट में भी अधिक दबाव रहता है, इस वजह से जो परिवार परामर्श केंद्र खेले गए हैं वह काफी लाभप्रद रहेंगे।

## संपादकीय

# विपक्ष की धुंधली तस्वीर !

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।

विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है।

कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया। नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याशियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेश दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है।

# कारोबार को दो हिस्सों में बांटने की खबर के बाद टाटा मोटर्स के शेयर 5% चढ़े

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स के शेयरों में मंगलवार (5 मार्च) को शुरूआती सौदों के दौरान बड़ी हलचल दिखी। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन कंपनी के शेयर 4.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1028.80 रुपये के भाव पर कारोबार करते दिखे। कंपनी के स्टॉक्स ने कारोबारी सेशन के दौरान 1,065.60 रुपये का हाई (लगभग 5% की बढ़त के साथ) भी लगाया। शेयरों में यह तेजी सोमवार को कंपनी की ओर से की गई उस घोषणा के बाद आई है, जिसके अनुसार कंपनी को दो अलग-अलग संस्थाओं के रूप में बांटने की बात कही गई है। कंपनी की ओर से किए गए एलान के अनुसार एक इकाई में वाणिज्यिक वाहन कारोबार और उससे संबंधित निवेश शामिल होंगे जबकि दूसरी इकाई में यात्री वाहन, इलेक्ट्रिक वाहन और जेआरएल समेत सभी यात्री वाहन कारोबार और उनसे जुड़े निवेश शामिल होंगे।

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में टाटा मोटर्स ने कहा कि दोनों सूचीबद्ध कंपनियों में टाटा मोटर्स के सभी शेयरधारकों के शेयर एक जैसे बने रहेंगे। कंपनी ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में, टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन (सीवी), यात्री वाहन



(पीवी+ईवी), और जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) से जुड़े व्यवसायों ने अलग-अलग रणनीतियों को सफलतापूर्वक लागू करके मजबूत प्रदर्शन दिया है। कंपनी के अनुसार 2021 से, ये व्यवसाय अपने अलग-अलग सीईओ के तहत स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं।

टाटा मोटर्स ने कहा कि डीमर्जर को पूरा होने में 12-15 महीने लग सकते हैं और इसका कर्मचारियों, ग्राहकों और व्यापारिक भागीदारों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। हाल ही में, टाटा मोटर्स ने घोषणा की कि फरवरी 2024 के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बिक्री फरवरी 2023 के 79,705 इकाइयों की तुलना में 86,406 रही। सालाना आधार पर इसमें 8% की वृद्धि दर्ज की गई थी। घरेलू बाजार में कुल बिक्री 84,834 यूनिट रही, जो सालाना आधार पर 9% अधिक है। दूसरी ओर, घरेलू कमर्शियल वाहनों की बिक्री में 4% की कमी आई और यह 33,576 यूनिट पर पहुंच गई है। जबकि घरेलू यात्री वाहन की बिक्री फरवरी 2024 में सालाना आधार पर 20% बढ़कर 51,267 यूनिट हो गई है।

डीमर्जर पर क्या है बाजार का अनुमान?

बाजार के जानकारों का मानना है कि डिमर्जर का यह कदम कंपनी के प्रत्येक सेगमेंट को और सशक्त बनाने के लिए उठाया गया है। यह फैसला एक नए विजन के साथ उच्च विकास दर हासिल करने के लिए लिया गया है। यह एक बहुप्रतीक्षित और रणनीतिक कदम है। कंपनी के इस फैसले को तर्कसंगत प्रगति के रूप में देखा जाना चाहिए। ऑटो सेक्टर के जानकार मानते हैं कि डिमर्जर से टाटा मोटर्स को ग्रोथ के अवसरों को बेहतर तरीके से भुनाने और लंबी अवधि के शेयरधारकों के लिए वैल्यू बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## बैंक कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर चुनाव से पहले हफ्ते में पांच दिन काम का नियम हो सकता है लागू




**नई दिल्ली।** बैंक यूनियनों ने सरकारी, आरबीआई कार्यालयों और एलआईसी की तरह ही 180 दिनों के भीतर हफ्ते में पांच कामकाजी दिन लागू करने की अपील की थी। एक अधिकारी ने कहा, हफ्ते में पांच दिन पर जल्द फैसला हो सकता है। निर्वाचन आयोग बहुत जल्द आम चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। इससे पहले सरकारी बैंक कर्मचारियों को अच्छी खबर मिल सकती है। मोदी सरकार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लागू होने से पहले सरकारी बैंक कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दे सकती है। हफ्ते में पांच कामकाजी दिन को मंजूरी मिल सकती है।

वहीं, दिसंबर में बैंक यूनियनों के बीच एक समझौता पर हस्ताक्षर होने के बाद इन कर्मचारियों के वेतन में भी 17 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। बैंक यूनियनों ने सरकारी, आरबीआई कार्यालयों और एलआईसी की तरह ही 180 दिनों के भीतर हफ्ते में पांच कामकाजी दिन लागू करने की अपील की थी। एक अधिकारी ने कहा, हफ्ते में पांच दिन पर जल्द फैसला हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार सप्ताह में पांच कार्य दिवस के प्रस्ताव का समर्थन करती है। इसकी घोषणा के लिए उचित समय का इंतजार था। शायद अब समय आ गया है।

फिलहाल सरकारी और निजी बैंकों में महीने के पहले और तीसरे शनिवार को काम होता है। अगर नया नियम लागू होता है तो रविवार के साथ हर शनिवार को बैंकों में छुट्टी रहेगी। केंद्र सरकार ने वर्ष 2015 में एक अधिसूचना के जरिये महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। तब से सभी बैंक दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी की व्यवस्था का पालन करते हैं। वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र से 15 लाख से अधिक कर्मचारी जुड़े हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में लगभग 95,000 कर्मचारी हैं।

## मस्क से छिना दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का ताज, अब जेफ बेजोस पहले नंबर पर



**नई दिल्ली।** टेस्ला के शेयरों में सोमवार को 7.2% की गिरावट के बाद मस्क ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति होने के मामले में जेफ बेजोस से पिछड़ गए। नौ महीने से अधिक समय में पहली बार, एलन मस्क अब दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति नहीं हैं। टेस्ला के शेयरों में सोमवार को 7.2% की गिरावट के बाद मस्क ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति होने के मामले में जेफ बेजोस से पिछड़ गए।

मस्क की अब कुल संपत्ति 197.7 बिलियन डॉलर है। वहीं बेजोस की संपत्ति 200.3 अरब डॉलर हो गई है।

## राशिफल

**मेष:** दोस्तों के साथ शाम सुखद रहेगी ज्यादा खाने और मदिरापान से बचें। रचनात्मक प्रतिभा को सही तरीके से इस्तेमाल करें तो वह काफी फायदेमंद साबित होगी।

**वृष:** बाहर का और खुला खाना खाते वक़्त खास तौर पर बचाव पर ध्यान देने की जरूरत है। हालाँकि बिना वजह तनाव न लें, क्योंकि मानसिक कष्ट दे सकता है।

**मिथुन:** दूसरों के सफलता को सराहकर लुत्फ ले सकते हैं। आज अपना धन खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी क्योंकि घर का कोई बड़ा आज आपको धन दे सकता है।

**कर्क:** आज आप खुद को सुकून में और जिंदगी का लुत्फ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। आपका पैसा तभी आपके काम आएगा जब आप उसको संचित करेंगे।

**सिंह:** शारीरिक व्यायाम और वजन घटाने की कोशिशें आपके रूप-रंग को निखारने में फायदेमंद साबित होंगी। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे।

**कन्या:** शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मजबूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। माता पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है।

**तुला:** खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। कार्यक्षेत्र में या करोबार में कोई लापरवाही आज आपको आर्थिक नुक्सान करा सकती है।

**वृश्चिक:** आपका सबसे बड़ा सपना हकीकत में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को काबू में रखें, क्योंकि ज्यादा खुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है।

**धनु:** मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, अच्छा-बुरा सब-कुछ इसी के माध्यम से आता है।

**मकर:** आज खेल-कूद में हिस्सा लेने की जरूरत है, क्योंकि चिर यौवन का रहस्य यही है. सिर्फ अक़्लमंदी से किया गया निवेश ही फलदायी होगा।

**कुंभ:** भागमभाग भरे दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। करीबी रिश्तेदारों के घर जाना आज आपकी आर्थिक स्थिति को बिगाड़ सकता है।

**मीन:** सेहत अच्छी रहेगी। आज आपको अपनी संतान की वजह से आर्थिक लाभ होने की संभावना नजर आ रही है। इससे आपको काफी खुशी होगी।

## चुटकुले

एक शराबी डॉक्टर के पास पहुंचा और बोला- डॉक्टर साहब मैं कई दिनों से बीमार हूं
डॉक्टर बोला - तुम्हारा लिवर फूल गया है
शराबी - इसका मतलब कि अब इसमें और ज्यादा दारू आ सकती है! डॉक्टर चुप और शराबी मस्त

---

लड़का- कल से हम कहीं और मिलेंगे।
लड़की- क्यों
लड़का- बड़े जालिम हैं तेरी गली के बच्चे।
लड़की- क्यों क्या हुआ?
लड़का- कुत्ते पीछे लगाकर कहते हैं 'जब प्यार किया तो डरना क्या।'

---

चिंटू- परसों मेरी बीवी कुए में गिर गई बहुत चोट लगी बेचारी बहुत चीख रही थी।
दोस्त-अब कैसी है?
चिंटू-अब ठीक है कल से कुए में से आवाज नहीं आ रही है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री लगभग 15 सूर्योदय और 15 सूर्यास्त को हर रोज देखते हैं।
- स्पेस में पहली सेल्फी 1966 में बज एल्ड्रिन द्वारा खींची गई थी। अब इसकी कीमत 6 लाख रूपए हैं।
- लाइका नामक कुतिया ने 13 नवंबर साल 1957 को स्पूतनिक सेकंड यान में बैठकर धरती का चक्कर लगाया था। हालांकि वह पृथ्वी पर जीवित वापस नहीं आ पाई थी।
- अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन कभी भी बनाया गया सबसे महंगी वस्तु है, 150 बिलियन अमरीकी डॉलर में।
- अंतरिक्ष स्टेशन में सोना काफी चुनौती भरा होता है। अंतरिक्ष यात्री को सोने के लिए काफी मेहनत करनी होती है। उन्हें आंखों पर पट्टी बांध कर एक बंकर में सोना होता है ताकि वह तैरने और इधर-उधर टकाराने से बच सके।
- 20 जुलाई, 1969 को अमेरिका के अपोलो 11 मिशन के जरिए चांद पर पहली बार इंसान के कदम पड़े थे। नील आर्मस्ट्रांग ने चांद पर कदम रखते हुए कहा एक छोटा-सा कदम, लेकिन मानवता के लिए एक लंबी छलांग।

# प्रति व्यक्ति जीडीपी पहली बार दो लाख रुपये के पार

## डीबीटी के उपयोग से सही लोगों तक पहुंचा पैसा




**नई दिल्ली।** रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-21 में सकल बचत दर 30.2 फीसदी रही है। चालू वित्त वर्ष में 32.3 फीसदी तक जाने की उम्मीद है। यह 2013-14 के बाद सबसे ज्यादा है। घरेलू वित्तीय बचत 2020-21 में 11 फीसदी से मामूली बढ़कर 2022-23 में 15.4 फीसदी रही है।

सभी नागरिकों के लिए जीवन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और प्रत्यक्ष लाभ ट्रांसफर यानी डीबीटी के जरिये सही लोगों तक रकम पहुंचने से पहली बार प्रति व्यक्ति जीडीपी दो लाख रुपये पार हो गई है। एसबीआई रिपोर्ट के अनुसार, जीडीपी की मौजूदा कीमतों पर चालू वित्त वर्ष में यह आय 2.11 लाख रुपये हो गई है। एक दशक में सालाना आधार पर 8.9 फीसदी चक्रवृद्धि दर से बढ़त हुई है। वित्त वर्ष 2011-12 में यह 72,000 रुपये थी।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-21 में सकल बचत दर 30.2 फीसदी रही है। चालू वित्त वर्ष में 32.3 फीसदी तक जाने की उम्मीद है। यह 2013-14 के बाद सबसे ज्यादा है। घरेलू वित्तीय बचत 2020-21 में 11 फीसदी से मामूली बढ़कर 2022-23 में 15.4 फीसदी रही है। भौतिक संपत्तियों में बचत की दर इसी दौरान 10.8 फीसदी से बढ़कर 12.9 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी दौरान निवेश 28.2 फीसदी से बढ़कर 33.7% रहने का अनुमान है।

एसबीआई का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के अंत में देश की अर्थव्यवस्था चार लाख करोड़ डॉलर को पार कर जाएगी। वित्त वर्ष 2027 में पांच लाख करोड़ डॉलर के साथ तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। उस समय 31,429 अरब डॉलर के साथ अमेरिका पहले क्रम पर, 22,291 अरब डॉलर के साथ चीन दूसरे और 5,427 अरब डॉलर के साथ भारत तीसरे क्रम पर होगा। वैश्विक जीडीपी में अमेरिका का हिस्सा 24.7 फीसदी, चीन का 17.5 फीसदी और भारत का 4.3 फीसदी हिस्सा होगा।

जी-20 में सबसे ज्यादा रहेगी विकास दर

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने कहा है कि इस साल जनवरी से दिसंबर के बीच देश की विकास दर 6.8 फीसदी रहेगी। पहले यह अनुमान 6.1 फीसदी था। यह जी-20 में सबसे ज्यादा विकास दर होगी। सरकार की ओर से भारी खर्च और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों से अर्थव्यवस्था को तेजी मिलेगी। तीसरी तिमाही में तमाम अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए विकास दर 8.4 फीसदी रही थी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी



# पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये करेंगे दुहाई से मोदीनगर नार्थ के 17 किमी लंबे आरआरटीएस सेक्शन का उद्घाटन

## नमो भारत ट्रेन आधा घंटे में आठ स्टेशनों के बीच 34 किलोमीटर का सफर करेगी तय





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी आज दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक के दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल रेपिड टांजिट सिस्टम कॉरिडोर के 17 किमी लंबे अतिरिक्त सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। नमो भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुरादनगर स्टेशन पर हरी झंडी दिखाएंगे।

इसके साथ ही दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर प्रायोरिटी सेक्शन से आगे दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक का 17 किमी लंबा अतिरिक्त सेक्शन नमो भारत ट्रेनों के परिचालन के लिए तैयार हो जाएगा। इस सेक्शन में मुरादनगर, मोदी नगर साउथ और मोदी नगर नॉर्थ तीन स्टेशन शामिल हैं। इस सेक्शन के उद्घाटन से नमो भारत सेवाएं दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 34 किमी के सेक्शन पर निर्बाध रूप से उपलब्ध हो जाएंगी, जिसमें साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक कुल आठ स्टेशन होंगे। दिल्ली को मेरठ से जोड़ने वाले भारत के प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर की आधारशिला मार्च 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी। इसके 17 किमी लंबे प्रायोरिटी सेक्शन को अक्टूबर 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा यात्री परिचालन के लिए हरी झंडी दिखाई गई थी।

### यातायात की भीड़ और वायु प्रदूषण होगा कम

**करंट क्राइम।** पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप, आरआरटीएस स्टेशनों को हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों, आईएसबीटी और सिटी बस स्टॉप के साथ सहजता से एकीकृत किया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के नेटवर्क का एक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। क्षेत्रीय गतिशीलता के लिए इस परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का उद्देश्य आर्थिक गतिविधियों को विकेंद्रीकृत करना, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच में सुधार करना और यातायात की भीड़ और वायु प्रदूषण को कम करना है। आरआरटीएस एक अत्याधुनिक रेल-आधारित यातायात प्रणाली है, जिसके तहत चलने वाली नमो भारत ट्रेनों की डिजाइन गति 180 किमी प्रति घंटा और परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा है। आरआरटीएस कॉरिडोर, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दूरियों को घटाने, समुदायों और गंतव्यों को करीब लाने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। 82 किमी लंबा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर, दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा के समय को घटाकर एक घंटे से भी कम कर देगा। गाजियाबाद, मुरादनगर और मोदीनगर जैसे शहरी केंद्रों से गुजरते हुए, यह परियोजना रीजनल परिवहन में क्रांति लाने वाली है।

# विराट के आक्रामक पलों को देखकर इस खिलाड़ी को मिलती है प्रेरणा




**मुंबई।** विराट कोहली दुनिया के सबसे आक्रामक क्रिकेटरों में से एक माने जाते हैं। कई पूर्व और मौजूदा भारतीय खिलाड़ी अक्सर कोहली के आक्रामक पक्ष के बारे में बात करते रहे हैं। मोहम्मद शमी ने एकबार खुलासा किया था कि यह कोहली का स्वाभाविक रूप है और कहा कि यह अच्छा है कि विराट गेंदबाज नहीं हैं। कोहली जब मैदान पर होते हैं तो अपनी ऊर्जा से बाकी खिलाड़ियों और दर्शकों को भी प्रेरित करते रहते हैं। अब उनके इस आक्रामक रवैये को एक और फैन मिल गया है। हालांकि, यह कोई पुरुष खिलाड़ी नहीं, बल्कि भारतीय महिला टीम की ऑलराउंडर राधा यादव हैं।

जेमिमा ने किया खुलासा हाल ही में भारत की महिला क्रिकेट टीम की सदस्य जेमिमा रॉड्रिग्स ने खुलासा किया कि उनकी भारतीय और दिल्ली कैपिटल्स टीम की साथी राधा यादव की यूट्यूब प्लेलिस्ट में विराट के आक्रामक पलों के कई वीडियो हैं। उन्होंने कहा- मैं यूट्यूब पर राधा के फोन पर गाना चला रही थी और विराट कोहली के आक्रामक पलों के वीडियो को उनके प्लेलिस्ट हिस्ट्री में देखा। वह मैच से पहले उन वीडियो को देखती हैं।

#### राधा ने भी खोले राज

इस पर राधा ने भी जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'आपको हर मैच से पहले तैयार होने की जरूरत होती है। मैं विराट की बहुत बड़ी फैन हूं और हर मैच से पहले उनका वीडियो देखती हूं।' विराट ने हाल ही में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड पर जीत के बाद टीम इंडिया को शुभकामनाएं दी थीं। कोहली ने पांच मैचों की सीरीज से बाहर होने का फैसला किया था और लंबे समय बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी थी। विराट इन दिनों लंदन में अनुष्का शर्मा के साथ हैं, जिन्होंने बेटे अकाय को जन्म दिया है।

#### अंक तालिका का हाल

दिल्ली कैपिटल्स की टीम फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर हैं। उसने अभी तक चार में से तीन मैच जीते हैं और एक में हार मिली है। उसके और मुंबई इंडियंस के छह-छह अंक हैं। हालांकि, नेट रन रेट में दिल्ली मुंबई से आगे है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पांच में से तीन जीत और दो हार और छह अंक लेकर तीसरे, यूपी वॉरियर्स पांच में से दो मैच जीतकर और चार अंक लेकर चौथे और गुजरात जाएंट्स चार में से सभी मुकाबले हारकर पांचवें स्थान पर है।

# राजनगर एक्सटेंशन में महाशिवरात्रि पर्व 88वें शिवजयंती महोत्सव के रूप में मनाया गया




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर एक्सटेंशन के कृष्णा एन्क्लेव में ब्रह्माकुमारीज द्वारा शिवरात्रि का पर्व 88वें शिवजयंती महोत्सव के रूप में मनाया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी पूनम दीदी ने परमात्मा शिव के अवतरण का समय, उनसे होने वाली प्राप्तियां, 'उनके मुख्य कर्तव्य, हम आत्माओं के साथ संबंध' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1936 में स्वयं निराकार परमात्मा, ज्योतिबिंदु शिव ने साकार मानव तन, प्रजापिता ब्रह्मा का आधार लेकर नव सृष्टि की रचना का आधार रखा। उन्होंने महामंत्र दिया कि चंचल मन, भटकती बुद्धि और पुराने संस्कारों से आज मानव दुःखी है उससे मुक्त होने के लिए वह मन को परमात्मा में लगाये, इसे ही राजयोग कहा जाता है। मोहननगर, राजनगर एक्सटेंशन तथा संबंधित सेवा केन्द्रों की संचालिका ब्रह्माकुमारी लवली दीदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिव के भंडारे भरपूर, काल कंटक सब दूर। शिवरात्रि हम कैसे मनाएं? कैसे हम सुख शांति के भंडारे भरपूर करें? वरदानों से कैसे झोली भरें? आध्यात्मिकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने ब्रह्माकुमारीज में राजयोग का अभ्यास द्वारा सशक्त जीवन शैली का महत्व बताया।

मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी ने आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके जीवन में ब्रह्माकुमारीज में आने के बाद अद्भुत परिवर्तन आया। राजयोग का अभ्यास मन को सशक्त बनाता है। किसी भी विषम या विपरीत परिस्थिति को सहजता से पार करने की शक्ति प्रदान करता है।कार्यक्रम के आयोजक पूर्व भाजपा पार्षद संजीव त्यागी ने स्वयं को भाग्यशाली मानते हुए कहा कि इस महान कार्यक्रम के आयोजन का मैं निमित्त बना, इसकी मुझे प्रसन्नता है। ब्रह्माकुमारी रूपा दीदी ने राजयोग का अभ्यास कराया। 150 से अधिक बहनों, भाइयों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

# आर्य समाज की प्रेरणा से कई सुधार हुए : पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा




**नई दिल्ली (करंट क्राइम)।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आर्य समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200 वीं वर्षगांठ पर 11 कुण्डीय महायज्ञ डॉ.जयेन्द्र आचार्य के ब्रह्मत्व में सांसद प्रवेश वर्मा के निवास 20, विंडसर पैलेस, में किया गया। यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने कहा कि आर्य समाज से प्रेरणा पाकर समाज में अनेकों सुधार हुए।आज इस अभियान को और तीव्र गति से चलाने की आवश्यकता है।उन्होंने स्वदेशी और हिन्दी भाषा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। सांसद प्रवेश वर्मा ने स्वामी दयानन्द के आदर्शों को जीवन में धारण करने की अपील की।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आज शिक्षा का किताबी ज्ञान तो बढ़ रहा है लेकिन पाखंड अन्धविश्वास भी बढ़ रहे हैं जिसे आर्य समाज ने जागरूकता अभियान से ठीक करना है। कुरुक्षेत्र से पधारे स्वामी संपूर्णा नन्द ने कहा कि आज भारत देश प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों सुरक्षित है।

इस अवसर परवैदिक विद्वान डॉ जयेंद्र आचार्य, सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता संध्या बजाज, साध्वी उत्तमायती, साहित्यकार एवं लेखक असचार्य रवि देव गुप्ता, आचार्य संजीव रूप, पिंकी आर्य, आचार्य महेन्द्र भाई, यशोवीर आर्य, देवेन्द्र भगत, प्रवीण आर्य, रामकुमार आर्य, ओम सपरा, राजेश मेहंदीरता, आचार्य गवेन्द्र शास्त्री, पार्षद यशपाल आर्य ने भी अपने विचार रखे।समारोह में मुख्य रूप सेप्रमोद सक्सैना, कैप्टन अशोक गुलाटी, राज कुमार भण्डारी, कुसुम भंडारी, प्रेम सचदेवा, अनिता रेलन, प्रकाशवीर शास्त्री, रोहित आर्य, स्वदेश शर्मा, वेद प्रकाश आर्य, सोनिया संजू, सुशील बाली, वरुण कथूरिया, गंगा शरण आर्य, कृष्णा पाहुजा, मायाराम शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

## 31 की उम्र में बी साई प्रणीत ने लिया संन्यास, वर्ल्ड चैंपियनशिप में रच चुके हैं इतिहास



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार बी साई प्रणीत ने महज 31 साल की उम्र में बैडमिंटन करियर पर विराम लगा दिया है। साई प्रणीत वही स्टार शटलर हैं, जिन्होंने 2019 के वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन में इतिहास रचा था। दरअसल, साई प्रणीत ने 2019 के वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा था। तब वो 36 साल बाद ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने थे। इससे पहले 1983 में प्रकाश पादुकोण ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। 2019 साल साई प्रणीत के लिए बेहद खास रहा था। वर्ल्ड चैंपियनशिप सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के अलावा उन्हें अर्जुन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। दाएं हाथ के भारतीय शटलर प्रणीत ने 2013 थाईलैंड ओपन ग्रां प्री गोल्ड टूनार्मेंट के पहले राउंड में 2003 के ऑल इंग्लैंड चैंपियन मलेशिया के मुहम्मद हाफिज हाशिम को हराया था।


## सुमित नागल ने दर्ज की इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली जीत, अमेरिकी खिलाड़ी को दी मात



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में 6.2, 6.2 से जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरूष एकल खिलाड़ी बने थे।नागल ने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

## सांसद जनरल वीके सिंह ने किया अयोध्या की सफल यात्रा के लिए सभी का धन्यवाद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह अपनी लोकसभा क्षेत्र की जनता को भगवान श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या के दर्शन करने के लिए लेकर गए थे। इस दौरान एक आस्था ट्रेन भी यहां से संचालित की गई थी। जिसकी कमान उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह ने संभाली। ट्रेन के इंचार्ज के रूप में भाजपा मीडिया प्रभारी अश्वनी शर्मा रहे। मृणालिनी ने इस पूरी यात्रा के मैनेजमेंट को संभाला और प्रत्येक कोच में एक प्रमुख नियुक्त किया था। ट्रेन में कुल 22 कोच थे, इस सफल यात्रा के अवसर पर सभी को चाय पर निमंत्रण दिया गया। चाय पर पहुंचने लोगों का मृणालिनी सिंह और सांसद जनरल वीके सिंह ने आभार व्यक्त किया है। इस दौरान यात्रा को लेकर लोगों ने अपने संस्मरण भी साझा किया। वीके सिंह ने कहा कि इस यात्रा में सभी भागीदार बने। जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और कार्यकर्ता भी इसमें शामिल हुए। इसके साथ ही फिर से जनरल वीके सिंह द्वारा यहां पर एक और ट्रेन भेजे जाने की मांग उठी है। इस अवसर पर सफल यात्रा को संपन्न कराने और सभी कोचों के प्रमुख को जनरल वीके सिंह व मृणालिनी सिंह ने माला पटखा पहनकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह चौहान, अंकित गिरी, पूनम कौशिक, ममता तिवारी, विजेंदर त्यागी, विमला रावत, अश्वनी यादव, राजीव धीर, गगन अरोरा, अनिल सिंह, धर्मेंद्र ठाकुर, हेमलता, संदेश चौहान, हिमांशु पाराशर, सनी चौहान, सुमित शर्मा, शीतल चौधरी, रानीदेवश्री, विवेक प्रकाश गर्ग, रीना त्यागी, अमृता सिंह सहित अन्य सहयोगी व कुलदीप सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर एडिशनल सीपी ने किया दूधेश्वरनाथ मंदिर का निरीक्षण

## पीएसी से लेकर बड़ी संख्या में तैनात की जाएगी पुलिस फोर्स

- 70 से ज्यादा कैमरों से होगी निगरानी
- महिला पुलिसंकर्मियों को भी किया जाएगा तैनात





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने लगातार दूधेश्वरनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर प्लान बनाना शुरू कर दिया है। रविवार को जहां पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने यहां निरीक्षण कर पूजा अर्चना की। तो वहीं मंगलवार को एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, एसीपी एलआईयू विवेक सिंह और एसीपी सिटी रविंद्र वर्मा सहित पुलिस बल ने यहां का निरीक्षण किया। इस दौरान दूधेश्वरनाथ मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई है। वहीं दूधेश्वरनाथ चौकी में बनाए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के पर्व को देखते हुए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर दो कंपनी पीएसी और भारी संख्या में पुलिस के अधिकारियों और फोर्स की तैनाती की जाएगी। साथ ही सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा। वहीं महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने की वजह से महिला उपनिरीक्षक और सिपाहियों की भी यहां ड्यूटी महाशिवरात्रि के जलाभिषेक को लेकर लगाई गई है।

### सीसीटीवी और ड्रोन से होगी निगरानी

**करंट क्राइम।** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर शहर का पुराना मंदिर है। यहां लाखों की संख्या में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए शिवरात्रि की एक रात पहले ही यहां कतरबद्ध हो जाते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद बंदोबस्त रहेगा। यहां लगभग 70 से अधिक सीसीटीवी के जरिए निगरानी और ड्रोन के साथ भी सुरक्षा का पहरा दिया जाएगा। इसी के साथ रूफ टॉप ड्यूटी भी लगाई गई हैं। वही मंदिर परिसर के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी गई है ताकि किसी प्रकार की अवस्था ना हो। वही लोकल इंटेलीजेंस और खुफिया विभाग भी निगरानी रखेगा।

## ओलंपिक में प्रबल दावेदार होगी सात्विक-चिराग की जोड़ी, भारत तोक्यो से ज्यादा पदक जीतेगा: गोपीचंद





**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने सोमवार को कहा कि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी ओलंपिक पदक जीतने की प्रबल दावेदार होगी और दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू भी सही लय में आ रही हैं और वह फिर से पेरिस में पदक दिला सकती हैं।

चोट के बाद वापसी करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने भारतीय महिला टीम को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं सात्विक और चिराग का सफर भी स्वप्निल रहा जिसमें उन्होंने 2023 चाइना ओपन और मलेशिया ओपन सुपर 1000 तथा इंडिया ओपन सुपर 750 में लगातार खिताब जीते जिससे वह इस सत्र में दुनिया की नंबर एक युगल जोड़ी बन गये।

गोपीचंद ने रेवस्पोट्र्स स्पोट्र्स कॉन्क्लेव की घोषणा के दौरान कहा, यह कहना सही होगा कि दुनिया के नंबर एक जोड़ी के तौर पर वे निश्चित रूप से शीर्ष स्तर पर जीतने के दावेदार हैं। उन्होंने कहा, उनकी जोड़ी मजबूत है और जब भी वे कोर्ट पर कदम रखते हैं तो वे प्रबल दावेदार होते हैं। आज अगर मुझे सभी देशों में खेलों में किसी भी एक प्रबल दावेदार जोड़ी को चुनना हो तो वह सात्विक और चिराग की जोड़ी होगी।

पेरिस ओलंपिक में भारत के कुल पदकों की संभावना के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, यह चुनाव का समय है तो हर कोई बड़ी संख्या का अंदाजा लगा रहा है। लेकिन मैं संख्या नहीं बता सकता, लेकिन मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से पिछली बार से ज्यादा होगी। सिंधू के बारे में उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि सिंधू ने पहले भी अच्छा प्रदर्शन किया है और मेरा मानना है कि वह सही लय में चल रही है। अगले कुछ महीने महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, वह पहले सुपानिडा काटेथोंग से हार चुकी थी इसलिये फाइनल में उसे हराना शानदार जीत रही।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कंचन चौधरी (KANCHAN CHAUDHARY) पुत्री श्री राजेन्द्र सिंह नि-सी-2, फ्लैट नं-1602, चैरी काउन्टी ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन जनपद गौतमबुद्धनगर उ0 प्र0मैंने अपना नाम कंचन चौधरी (KANCHAN CHAUDHRI) से बदलकर कंचन चौधरी (KANCHAN CHAUDHARY) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जायें।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम क्षमा त्यागी दर्ज है। जबकि सही नाम Naina (नैना) है अब उसे Naina ( नैना ) नाम से ही जाना जाये ।

अर्जुन त्यागी पुत्र राजेश त्यागी,
निवासी गुलशन कॉलोनी,
मुरादनगर, गाजियाबाद

# नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न

**136 करोड़ 69 लाख 50 हजार की आय**

**136 करोड़ 26 लाख व्यय का विवरण हुआ प्रस्तुत**






**मोदीनगर करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर की बोर्ड बैठक संपन्न हुई। जिसमें कई प्रस्तावों पर सहमति बनी।

नगर पालिका परिषद मोदीनगर अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने बताया कि बोर्ड बजट बैठक संपन्न की गई। जिसमें कुल 136 करोड़ 69 लाख 50 हजार की अनुमानित आय एवं 136 करोड़ 26 लाख की अनुमानित व्यय का विवरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे सभी सभासदों द्वारा सर्व समिति से स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त नगर में सीवर डालने के उपरांत सड़क की मरम्मत, रेलिंग कराए जाने, बिसोखर में पार्क विकसित, मैन रोड व सिखेड़ा रोड नाले की सफाई, राम जोहड़ी धर्मशाला का सौंदर्यकरण एवं हैंडपंप रिबोर आदि प्रस्ताव पारित किए गए। इस मौके पर बोर्ड बैठक में विधायक डॉ0 मंजू सिवाच, नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र, ललित मित्तल, अंकित चैधरी, अंकित गोयल, अमरीश कुमार, सभासद अर्जुन नेहरा, वेद प्रकाश चैधरी, ललित त्यागी, रजनीश तोमर, मोनू धामा, नरेंद्र तोमर, रजनीश चैधरी, आदित्य चैधरी, धर्मवीर मास्टर, संदीप सागवान, जितेंद्र चैधरी, ललित मित्तल, गुलाब सिंह, प्रवीण गुर्जर, सलमान, संदीप कुमार, अंकुर चैधरी, आलोक भारती, कृष्ण राज सैन, प्रीतम, लोकेश देवी, सारिका राणा, सुषमा, जुलिता नेहरा, पूजा सिंह, मीरा सिंह, जायदा बानो, मनीता यादव, प्रवीन, रीता डोडी व सुशीला देवी आदि उपस्थित रहे।

## लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ अतुल जैन ने सुनील शर्मा को मंत्री बनने पर दी बधाई





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने साहिबाबाद क्षेत्र से सर्वाधिक मतों से विजयी होने वाले विधायक सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मंत्री बनाए जाने के लिए उनको हार्दिक बधाई और शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक धन्यवाद। डॉ अतुल जैन ने कहा कि मृदुभाषी,सभी का कार्य करने वाले ,सरल स्वभाव के धनी सुनील शर्मा समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखते हुए पार्टी के कार्यकताओं के साथ मिलजुल कर पार्टी की नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए सदैव सेवा के कार्यों में संलग्न रहते हैं । प्रदेश सरकार में उनको मंत्री बनाया जाना समस्त गाजियाबाद के लिए बड़े ही गर्व की बात है। अतुल जैन ने सुनील शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रशासनिक क्षमताओं का उपयोग करते हुए लोक कल्याणकारी कार्यों में वृद्धि होगी और आमजन की सेवा और बेहतर तरीके से करने में वो सफल होंगे। उन्होंने अपनी शैक्षणिक संस्थाओं और व्यापारियों की ओर से सुनील शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दीं।




### भगवा फूल बोले उनके तो लग जाते थे गले पर इनसे तो दूर ही भले

वो इतने अच्छे थे नही लेकिन जब ये वाले आये तो वो वाले अपने आप ही अच्छे लगने लगे। जो सिस्टम उनके टाइम पर था वो ही सिस्टम इनके टाईम पर भी है। ये कमाल तो अब आने वालों के व्यवहार का है कि सारा प्यार पहले वालों के लिये उमड़ रहा है। बीते दिनो का जिक्र चला तो मौहल्ला फूल ने ही बताया कि रिश्ता उनसे भी बहन की तरह ही था और उनकी खूबी ये थी कि दूसरे दलों के मौहल्ला प्रधान भी उनके गले लग जाते थे और इनसे तो दल वाले भी दूर ही भले वाले स्टाईल में मिल रहे हैं। बताने वाले बता रहे हैं कि अब वालों के पास तो उनके अपने दल वाले भी नही जाना चाहते और तब वालों के पास दूसरें दलों के मेंबर भी अधिकार के साथ जाते थे। भगवा फूल ने ही बताया कि सब को पता है कि पावॅर फुल फूल वाले उनसे मिलने गये तो उन्होने उनको भी दो घंटे तब इंतजार कराया था। वो उसके बाद फिर मिलने ही नही गये और बताने वाले ने कहा कि जो दो बड़े नियर एंड डियर थे सुना है वो दो भी अब उन्होने गो कर दिये हैं। फूल वाले नारियल फोड़ने का न्यौता देने गये तो वो भी डपट कर भगा दिये। कुछ भी कहो कुछ महीने में ही इन वालों ने अपने कुशल व्यवहार से वो वाले भले कहलवा ही दिये।

### कैसे होगा मेल जब मैडम बोलेगी अंग्रेजी और प्रभारी हैं... बिल्कुल देसी

अपने मडंल में प्रभारी जी को दिन रात सुबह शाम झेल चुके एक्स मडंल कमिश्नर ने ही कहा कि वैसे तो प्रभारी जी सगंठन ज्ञान के मामलें में सब पर भारी हैं लेकिन इस बार वार्ड बाहरी हैं। वो ऐसे इलाके के प्रभारी हैं जहां तमीज से बात करने और अंग्रेजी स्पीकिंग का चलन जारी है। पूर्व मडंल प्रधान बोला कि हमने तो जो झेला सो झेला लेकिन वहां की तो अजब ही है बेला और मुझे डर है कि वहां उनके साथ हो ना जाये कहीं खेला। उन्होने बताया कि वहां की भगवा मैडम ने तो सदन में भी अंग्रेजी स्पीकिंग शुरू कर दी थी वो तब बड़ी मुश्किल से उन्हे कंट्रोल कराया गया था। एक्स मडंल कमिश्नर ने बताया कि अगर स्कूल वाली मैडम ने एक बार बोल दिया कि हाऊ डेयर यू से दैट तो प्रभारी को अपने देसी अंजाद में उस बात को समझने में हफ्ते लग जाएंगे कि मैडम ने ये उनकी तारीफ की है या बुराई की है। उन्होने हंसते हुये बता दिया है कि कैसे होगा उस मडंल में मेल क्योंकि मैडम बोलेंगी अंग्रेजी और प्रभारी है बिल्कुल देसी।

**किस कांग्रेसी ने कहा लस्सी वाले जैसा उम्मीदवार मत ले आना** हाथ एंड साईकिल वाले मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं लड़ा रहे हैं। यहां से कौन लड़ेगा ये तय होना है और पुराने किस्से बाहर आ रहे हैं। जिला हैड यादव जी पहले ही कह चुके हैं कि कैलीबर वाला उम्मीदवार लाना। कांग्रेस वाले बैठे थे और जिक्र उम्मीदवार को लेकर चला तो कांग्रेसी ने ही कहा कि कैलीबर वाला लाना या मत लाना लेकिन लस्सी वाले जैसा उम्मीदवार मत ले आना। वैसे सुना है कि चुनाव के बीच में ही लस्सी वाले का भी दिल टूट गया था। चुनाव के बाद अगले ने तो पालिटिक्स से ही वीआरएस ले लिया। पता नही उनके साथ क्या पालिटिक्स हुई कि उन्होने पालिटिक्स ही छोड़ दी।

## स्कूल ऑफ एजूकेशन विभाग ने छात्रों के लिए एक दिवसीय नेहरू तारामंडल केन्द्र का भ्रमण कराया





**गाजियाबाद,करंटक्राइम।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने एवं विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से अवगत कराने के उद्देश्य से एस0डी0जी0आई0 ग्लोबल यूनिवर्सिटी के शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय नेहरु तारामंडल नई दिल्ली का शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। रंजना सिंह अस्सिटेंट प्रो0 शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान, तारामंडल, भूगोल एवं विज्ञान के क्षेत्र में भारतीयों के योगदान से सम्बन्धित छात्रों को जानकारी दी। डॉ0 नेहा चौधरी, सुश्री पूजा एवं समस्त स्टाफ भ्रमण के दौरान मौजूद रहा।

## सुनील शर्मा के मंत्री बनने पर पार्षद सचिन डागर ने आतिशबाजी कर मनाई खुशी









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** योगी सरकार मंगलवार को कैबिनेट का विस्तार हुआ। जिसमे साहिबाबाद बीजेपी विधायक सुनील शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। वैसे वार्ड 60 के पार्षद सचिन डागर में अपने कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ मिठाई व आतिशबाजी कर खुशी मनाई। पार्षद सचिन डागर ने कहा की यह गाजियाबाद के लिए बहुत ही खुशी का पाल है, जिसमें सबसे बड़ी विधानसभा के विधायक सुनील शर्मा को आज योगी सरकार में मंत्री बने की जगह मिली। इस से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई, उन्होंने बताया आज सुनील शर्मा जो मंत्री बने हैं वह हर एक कार्यकर्ता की मेहनत है।

## सुनील शर्मा के यूपी कैबिनेट में शामिल होने पर पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने जताई खुशी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधानसभा से विधायक सुनील शर्मा ने मंगलवार को प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है। इससे वार्ड 41 झंडापुर की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई। वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने अपने कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ मिठाई बांट कर खुशी मनाई। वही आतिशबाजी का नजारा देखने लायक था। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि गाजियाबाद के लिए बहुत ही खुशी बात है, कि हमारे क्षेत्र का विधायक यूपी सरकार में मंत्री बने यह एक गौरव की बात है। इस अवसर पर चरनजीत सिंह, राहुल परिहार, पीतम सिंह, गौरव आदि मौजूद रहे।

### छात्रा के साथ दुष्कर्म का किया प्रयास

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी में घर में घुसकर 16 साल की छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। विरोध करने पर छात्रा को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। वह परिवार सहित कहीं बाहर चले रहे गए थे ,जिस कारण उनकी 16 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी। आरोप है कि रात ग्यारह बजे के आसपास एक युवक दीवार फांदकर अंदर आ गया। बताया जा रहा है कि चारपाई पर सो रही किशोरी को युवक उठाकर कमरे के अंदर ले गया और जबरदस्ती करनी शुरू कर दी। किसी तरह युवक बंधनमुक्त हुई और बाहर आंगन में आ गई और शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों के आने पर छात्रा ने आपबीती सुनाई।

### सुनील शर्मा के मंत्री बनने पर पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी के कार्यालय पर बांटी मिठाई



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद विधानसभा से विधायक सुनील शर्मा ने मंगलवार को प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री पद की शपथ ली है। इससे साहिबाबाद की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई। वार्ड 61 के पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने अपने कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांट कर खुशी मनाई। महेंद्र चौधरी ने कहा कि बहुत ही खुशी बात है, कि हमारे क्षेत्र का विधायक यूपी सरकार में मंत्री बने यह एक गौरव की बात है। इस अवसर पर एस पी सिंह, बिक्रम बंसल , आशीष चौधरी, अमित यादव, पंकज, अरुण, सोनू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।




### कमिश्नरेट के मंच पर हुई किस पूर्व अधिकारी की तारीफ



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मंगलवार को पुलिस लाइन के खास हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहां महिला विधायक मंच से शुभारंभ अवसर पर भाषण दें रही थीं। इसी दौरान उन्होंने एक ऐसे पुलिस अधिकारी का नाम और पुलिस की उसे कार्य प्रणाली की तारीफ कर डाली जो उन्होंने राजनीति में आने से पहले देखी थी। विधायक जी ने मंच से कहा कि गाजियाबाद पुलिस का जिस ऑपरेशन के लिए नाम हुआ था मुझे आज भी उस अधिकारी का चेहरा याद कर खुशी होती है। साथ ही जिस प्रकार से अब कमिश्नरेट वाले सिस्टम में पिंक बूथ परामर्श केंद्र वाला कार्यक्रम शुरू हुआ है, इसके लिए भी विधायक ने कमिश्नर साहब से गुजारिश की थी। सुनने में आ रहा है अब विधायक महोदय आने वाले समय में महाराज जी को भी पत्र लिखकर इस पूरी व्यवस्था को प्रदेश के हर जिले में लागू करने के लिए मांग करेंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले मंच पर जिसने भी ऑपरेशन स्माइल वाले पूर्व नोडल अधिकारी वाले साहब का नाम सुना वह मुस्कुरा रहा था और उस जमाने को याद कर रहा था। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के मंच पर जब ऑपरेशन इस्माइल वाला मामला आया तो कई लोग उस नाम को तलाश रहे थे, जिस अधिकारी का देश से लेकर विदेश तक डंका मचा था। प्रमुख चैनलों से लेकर देश के प्रमुख पत्रों में उनका नाम और काम जमकर बोलता था। वहीं भले उन्हें पुरस्कार ना मिला हो लेकिन खबरों की दुनिया में उनसे ज्यादा टीआरपी किसी ने नहीं पाई थी। वहीं यहां पर बता दें कि जिस अधिकारी के दम पर पूरा ऑपरेशन स्माइल चला था उसको सीखने के लिए विदेश से पांच स्तारा होटलों में कार्यक्रम व बुकलेट तक जारी की गईं थीं। कुल मिलाकर सूत्रों पर भरोसा करें तो बताया तो यहां तक जाता है कि अगर उस जमाने में उनके वाले कप्तान का जुगाड़ वाला सीन नहीं होता तो देश के प्रमुख नेता के हाथों सम्मानित और गौरवांवति होने का अवसर भी उन्हीं को ही मिलता। वहीं जानकारी है कि जिन साहब की गूंज कश्मिनरेट में सुनाई दी है, वो साहब वर्तमान में कांच की चूड़ियों को बनाने वाले शहर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं उनका दो कमिश्नरेट से कनेक्शन भी पुराना बताया जा रहा है।

# विधायक सुनील शर्मा यूपी सरकार में बने कैबिनेट मंत्री, कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री बने पर साहिबाबाद विधानसभा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। विधायक सुनील शर्मा मंगलवार गाजियाबाद से लखनऊ के लिए रवाना हो गए थे। । वही इस सूचना पर उनके कार्यालय पर उनके समर्थकों जुटना शुरू हो गए । यूपी सरकार के मंत्री मंडल विस्तार में मंत्री बनाए जाने पर उनके कार्यालय पर ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी के जश्न शुरू हो गया है। उनके समर्थक लोग इस मौके पर उनके कार्यालय पहुंच रहे हैं, और जश्न का माहौल यहां नजर आ रहा है। विधानसभा चुनाव में उन्हें सबसे बड़ी रिकॉर्ड तोड जीत मिली थी और उनके समर्थको का उन्हे मंत्री बनाए जाने का इंतजार पूरा हो गया है। जिसको लेकर उनके कार्यकर्ता और समर्थक बेहद खुश और उत्साहित हैं। कार्यालय पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा है। इस ऑप्शन पर कार्य कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद सचिन डागर, पार्षद मदन राय, प्रवीण भाटी, कुलदीप कसाना, अध्यक्ष राजन वाल्मीकि, राजकुमार चंदेल, जितेंद्र सेन, पवन रेड्डी, एसपी सिंह, पूर्व पार्षद विजेंद्र चौहान, आलोक शर्मा, माधव सूद, कुलदीप आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवक के साथ की मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र की जिला पंचायत मार्केट परिसर में मामूली बात को लेकर एक युवक को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

मोदीनगर की संतपुरा कॉलोनी निवासी ग्लैडविन पल किसी काम से मुरादनगर की जिला पंचायत मार्केट गए थे। वहां पर उनका किसी बात को लेकर नोएड़ा सतवीर सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि सतवीर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिवम त्यागी निवासी गांव सारा व सतवीर सिंह निवासी नोएड़ा व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सेठ उमेश कुमार मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**मोदीनगर करंट क्राइम।** नगर संस्थापक स्वः सेठ राय बहादुर गुर्जरमल मोदी के पुत्र सेठ उमेश कुमार मोदी का जन्मदिन मंगलवार को यंहा धूमधाम के साथ मनाया गया। उनके जन्मदिन के अवसर पर अनेक जरूरतमंद लोगों की सहायता भी की गई। हापुड़ रोड़ स्थित दयावती मोदी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सेठ उमेश कुमार मोदी के 73वें जन्मोत्सव पर समाज की जरूरतमंद छात्रों को स्कूल बैग, आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यापिकाओं द्वारा धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दी गई व केक काटकर उनको जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुये जरूरतमंदों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। जन्मोत्सव को संपूर्ण मोदीनगर, सभी मोदी इंडस्ट्रीज, कार्यालय, विद्यालयों व अस्पतालों में बड़े ही हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनकी पुत्रवधू श्रीप्रिया, विजय मोदी, स्कूल प्रधानाचार्य डॉ0 एनपी सिंह, उपप्रधानाचार्य डॉ0 गुरमीत गुप्ता, प्रभारी जूनियर विंग डॉ0 रश्मि तेवतिया, रिया बधवार, स्कूल प्रबंधक अनिल गुप्ता, डॉ0 जेसी चावला, राजीव बोबल, राजेंद्र तायल व ऋषि गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# वसुंधरा कनावनी पुलिया के पास लगेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा :केपी सिंह



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** अखंड राजपूताना सेवा संस्थान और वसुंधरा क्षत्रिय कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक वसुंधरा कनावनी नहर पुलिया के पास महाराणा प्रताप की विशालकाय प्रतिमा लगने जा रही है। समिति द्वारा प्रतिमा का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और महाराणा प्रताप के वंशजों का भी आना स्वाभाविक है लेकिन चुनावी व्यस्तता के कारण राजनेता नहीं आ पाएंगे।

इसलिए कार्यक्रम चुनाव के दो-तीन महीने बाद ही संपन्न हो सकेगा। संस्था के पास अपनी आय का साधन केवल दान है, इसलिए दानदाताओं की सेवाओं पर भी हमारे कार्य की प्रगति निर्भर है।

वहीं 8 मार्च को महाराणा प्रताप सेवा संस्थान, वसुंधरा क्षत्रिय कल्याण समिति और अखंड राजपूताना सेवा संस्थान मिलकर मुफ्त चिकित्सा शिविर, रक्तदान, दवाइयों का वितरण और इलाज का एक शिविर लगाने जा रही है। शिविर महाराणा प्रताप चौक के पास ही लगेगा तथा गरीब लोगों के लिए शिवरात्रि के पावन पर पर भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा।

इस अवसर पर वीपी सिंह, मंजू सिंह, अभय सिंह, सुप्रिया भदोरिया, सीमा भदोरिया, केपी सिंह, एसपी सिंह, सीपी सिंह, पी सिंह सिसोदिया आदि लोग मौजूद रहे।

## दर्जनों महिलाएं रालोद में शामिल

**मोदीनगर करंट क्राइम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ी महिलाओं ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। चैधरी ओमपाल गुलैरिया के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरएलडी महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने 15 महिलाओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती ऋचा सिंह ने अपने हजारों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी को छोड़ आरएलडी का दामन थामा। साथ ही श्रीमती सुनीता चैधरी, श्रीमती कमलेश शेरावत, श्रीमती मुनेश चैधरी, श्रीमती गुंजन चैहान व मंजू चैधरी ने भी आरएलडी दामन थामा। मनीषा ने महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की प्रेरणा दी और अधिक से अधिक महिलाओं को राजनीति में आने कि लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में कई नेताओं और समाजसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान आरएलडी महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुमन चैधर, राष्ट्रीय सचिव शिवानी, भावना यादव, निशा चैधरी, आशा बंसल, डॉ0 उषा, आजाद सिंह पवार, मनोज चैधरी, अरविंद विहंगम, सतेंद्र तोमर, रालोद युवा जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह, धर्मपाल सादरए नीलम सिंह, गीता सिंह, मीता चैधरी, माणिक चैधरी, पूजा राजपूत, सीमा अरोड़ा, राखी सिंधु आदि उपास्थि रहें।

### खुशी मनाई



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 36 की पार्षद प्रतिमा शर्मा ने साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई बांटकर खुशी मनाई। इस अवसर पर पार्षद प्रतिमा शर्मा, राजीव शर्मा, महेश चंद शर्मा, डीएस गिरीश, डॉ. डीके चौहान, बिल्लू, जावेद खान, सुनील यादव, जय किशन, रेनू सिंह, अनिरुद्ध वशिष्ठ, ऋषि पाल, विशाल चौधरी, अभिषेक पंडित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मनचले से छात्रा आई तनाव में और परीक्षा छोड़ने की दी चेतावनी

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में हाईस्कूल की परीक्षा दे रही छात्रा पर एक युवक अश्लील टिप्पणी करता और पीछे आता जाता है। विरोध करने पर युवक छात्रा व परिजनों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। इसके चलते छात्रा तनाव में आ गई है और परीक्षा छोड़ने की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति की पुत्री हाईस्कूल की छात्रा है। छात्रा की बोर्ड परीक्षा चल रही है। छात्रा ने अपने परिजनों को बताया कि जब भी वह परीक्षा देने जाती है तो एक युवक मेरा पीछा करता है और अश्लील कमेंट करता रहता है। विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है।

# चीन ने फिर बढ़ाया अपना रक्षा बजट, भारत के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा हुआ

**बीजिंग।** चीन लगातार अपना रक्षा बजट बढ़ा रहा है और इस साल चीन ने अपने रक्षा बजट में बीते पांच साल में सबसे ज्यादा 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के साथ ही चीन का रक्षा बजट इस साल 1.67 ट्रिलियन युआन (231 अरब डॉलर) पहुंच गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में चीन के वित्त मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर ये दावा किया गया है। चीन, अमेरिका के बाद रक्षा बजट पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाला दूसरा देश है।

### भारत के बजट से तीन गुना ज्यादा

सीमा पर भारत और चीन के बीच लंबे समय से तनाव है और दोनों देशों के सैनिक कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। हालांकि सेना को आधुनिक बनाने के लिहाज से चीन, भारत से कहीं आगे दिख रहा है। इसकी वजह चीन का भारी-भरकम रक्षा बजट है, जो भारत के रक्षा बजट से तीन गुने से भी ज्यादा है। भारत का साल 2024 के लिए रक्षा बजट



6,21,541 करोड़ रुपये है, जो कि करीब 74.8 अरब डॉलर होता है। वहीं चीन का 2024 का बजट करीब 232 अरब डॉलर है, जो कि भारत के बजट से बहुत ज्यादा है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी सेना पीएलए को आधुनिक बनाने के लिए 2027 का लक्ष्य तय किया है और बजट में बढ़ोतरी की वजह भी यही है। साथ ही चीन का दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस, जापान समेत कई देशों से विवाद चल रहा है। वहीं सीमा विवाद के चलते भारत से भी चीन के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं। यही वजह है कि चीन लगातार अपनी सेना को आधुनिक बना रहा है। खासकर चीन अपनी नौसेना में काफी निवेश कर रहा है और आज चीन की नौसेना जहाजों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है। चीन एयरक्राफ्ट कैरियर का भी निर्माण कर रहा है और हिंद महासागर के कई देशों में चीन ने अपने अड्डे बना लिए हैं।

### चीन की चुनौतियां भी बढ़ीं

चीन की सेना सैनिकों की संख्या के मामले में सबसे बड़ी है। साथ ही चीन की सेना में दो रॉकेट फोर्स हैं और यही रॉकेट फोर्स ही परमाणु हथियारों का संचालन संभालती है। चीन पर आरोप हैं कि वह चुपचाप अपने रॉकेट फोर्स का विस्तार कर रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि चीन का रक्षा बजट बताए जा रहे आंकड़ों से कहीं ज्यादा है क्योंकि चीन अपने सैन्य रिसर्च और डेवलपमेंट के बजट को रक्षा बजट में शामिल नहीं करता है। हालांकि जहां एक तरफ चीन लगातार अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है, वहीं उसकी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। चीन ने बीते दिनों अपने रक्षा प्रमुख को बिना कोई वजह बताए पद से हटा दिया था। साथ ही कई शीर्ष जनरलों को भी बदला गया है। इससे साफ है कि चीन की सेना में समस्याएं भी हैं।

### अमेरिका से अभी भी बहुत पीछे है चीन

चीन के बढ़ते दबदबे से अमेरिका भी चिंतित है। हालांकि अभी भी रक्षा बजट के मामले में अमेरिका, चीन से सबसे काफी आगे है। अमेरिका का पिछले साल रक्षा बजट 886 अरब डॉलर था। चीन की बढ़ती चुनौती को देखते हुए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन की सेना को मजबूत करने में जुटा है। वहीं भारत के साथ भी अमेरिका रणनीतिक सहयोग बढ़ा रहा है।

# इस्राइल पर लेबनान से दागी गई एंटी-टैंक मिसाइल, चपेट में आकर एक भारतीय की मौत, दो अन्य घायल



**इस्राइल।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष को पांच महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है। दोनों पक्षों के बीच अब तक युद्धविराम की कोशिशें लगातार नाकाम रही हैं। इस बीच इस्राइल को गाजा पट्टी में हमास के साथ-साथ लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को ऐसे ही एक हमले में भारतीय व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, दो भारतीय घायल भी हुए हैं। बताया गया है कि यह हमला लेबनान की तरफ से हुआ।

अधिकारियों के मुताबिक, लेबनान की तरफ से दागी गई एक एंटी-टैंक मिसाइल से इस्राइल के उत्तरी सीमा के पास मारगैलियॉट में एक बाग को निशाना बनाया गया। इसकी चपेट में आकर केरल के रहने वाले एक शख्स की मौत हो गई। वहीं दो और घायल केरल के ही हैं। इसके अलावा कुछ अन्य लोग भी जख्मी हुए हैं।

### इस्राइली दूतावास ने जताया दुख

इस्राइली दूतावास ने भारतीयों की मौत पर एक्स पर पोस्ट कर दुख जताया। इसमें कहा गया, हम शिया आतंकी संगठन हिजबुल्ला की तरफ से इस्राइल के मारगैलियॉट के एक बाग में किए गए कायरतापूर्ण हमले में भारतीय नागरिक की मौत और घायल होने की घटना से चकित और दुखी हैं। इस्राइल के चिकित्सा संस्थान घायलों की सेवा में तत्पर हैं। उन्हें हमारे मेडिकल स्टाफ की तरफ से हरसंभव सहायता दी जा रही है। माना जा रहा है कि लेबनान की तरफ से हुए इस हमले में ईरान समर्थित शिया संगठन हिजबुल्ला का हाथ है। गाजा में इस्राइल के युद्ध के विरोध में आठ अक्तूबर के बाद से लगभग हर दिन हिजबुल्ला रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन्स के जरिए हमला कर रहा है। इन हमलों में इस्राइली सेना को काफी नुकसान भी हुआ है।

### घायल हुए भारतीयों का इलाज जारी

इस्राइली रेस्क्यू सर्विस के प्रवक्ता मेजेन डेविड एडोम ने बताया कि यह घटना सोमवार सुबह 11 बजे गैलीली क्षेत्र के मारगैलियोट के बाग में हुई। इसमें केरल के कोल्लम के निवासी पटनिबीन मैक्सवेल की जान चली गई। उनके शव को जिव अस्पताल में रखा गया है। वहीं घायल हुए बुश जोसेफ जॉर्ज को पेता तिकवा के बेइलिंसन अस्पताल में रखा गया है। उनके चेहरे और शरीर पर कई चोटें आई हैं। उनका ऑपरेशन किया गया है और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। वे भारत में अपने परिवार से भी बात कर सकते हैं।
घायल हुए दूसरे शख्स पॉल मेलविन को हल्की चोटें आईं और उन्हें इस्राइल के साफेद शहर के जिव अस्पताल में ही रखा गया है। वह केरल के इदुक्की जिले से आते हैं। इससे पहले इस्राइली एजेंसी ने कहा था कि इस घटना में एक विदेशी नागरिक की मौत हुई है, जबकि सात अन्य घायल हुए हैं।

# फ्रांस में गर्भपात को संवैधानिक अधिकार बनाने वाले विधेयक को मिली मंजूरी, दुनिया का पहला देश बना



**फ्रांस।** फ्रांस की संसद में सोमवार को संयुक्त सत्र के दौरान फ्रांसीसी सांसदों ने संविधान में महिलाओं को गर्भपात का अधिकार देने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। इस तरह फ्रांस गर्भपात को संविधान में शामिल करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। विधेयक को भारी 780-72 मतों से मंजूरी दे दी गई और लगभग पूरे संयुक्त सत्र में लंबे समय तक लोगों ने तालियां बजाईं। गर्भपात से संबंधित विधेयक को संसद की मंजूरी मिलने के बाद पूरे फ्रांस में जश्न का माहौल दिखा। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के वादे की सराहना की। विधेयक को कानूनी रूप देने के लिए फ्रांसीसी संविधान के अनुच्छेद 34 में संशोधन किया गया है। इसे संसद के दोनों सदनों, नेशनल असेंबली और सीनेट में पेश किया गया। इससे महिलाओं को गर्भपात के अधिकार की गारंटी मिलती है।संसद के निचले सदन की स्पीकर याइल ब्रौन-पिवेट ने संयुक्त सत्र की शुरूआत करते हुए कहा कि फ्रांस यह कदम उठाने वाला पहला देश है। उन्होंने कहा, मुझे संसद पर गर्व है, जिसने गर्भपात के अधिकार को हमारे मूल कानून में शामिल किया।

# मरियम नवाज के मुख्यमंत्री बनने पर अमेरिका ने दी प्रतिक्रिया

## कहा- पाकिस्तान की राजनीति के लिए ऐतिहासिक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री के तौर पर मरियम नवाज के चयन को ऐतिहासिक बताया है। इसी के साथ पाकिस्तान की राजनीति में महिलाओं को पूरी तरह से एकीकृत करने के लिए इस्लामाबाद के साथ सहयोग करने को तत्पर है। बता दें कि मरियम पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी है। पिछले हफ्ते उन्होंने पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली।

### पाकिस्तान की राजनीति के लिए ऐतिहासिक पल: मैथ्यू मिलर

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, मरियम शरीफ का चयन पाकिस्तान की राजनीति के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने आगे कहा, हम अमेरिका-पाकिस्तान महिला परिषद, नागरिक



समाज समेत देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था में महिलाओं की पूरी तरह से भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान का सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।

मैथ्यू मिलर ने कहा कि एक समावेशी मजबीत पाकिस्तान बनेगा जिससे यहां के लोग लाभांवित होंगे। दुनिया मे जहां भी नई परंपरा बनती है हमें अच्छा लगता है। उन्होंने नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था। इसके लगभग एक महीने बाद 72 वर्षीय शहबाज शरीफ दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने। उन्होंने देश की बागडोर ऐसे समय में संभाली है जब पाकिस्तान नकदी संकट से जूझ रहा है। हालांकि, उनके प्रधानमंत्री बनते ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेता उमर अयूब ने आपत्ति जताई है। अयूब खान ने देश के नेता का चयन करने के लिए चुनाव को भी अवैध बताया।

### शहबाज शरीफ को लेकर नहीं की कोई टिप्पणी

मिलर ने शहबाज शरीफ को लेकर कहा, मैं नए प्रधानमंत्री को लेकर कुछ नहीं बोलूंगा, लेकिन हमने पहले ही कहा है कि हम पाकिस्तान के साथ अपने दीर्घकालिक साझेदारी को महत्व देते हैं। हम एक मजबूद, समृद्ध और लोकतांत्रिक पाकिस्तान को हमेशा अमेरिका-पाकिस्तान हितों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ भी हमारा जुड़ाव इसी पर केंद्रित रहेगा।

# भ्रष्टाचार के मामले में फंसे भारतीय मूल के पूर्व मंत्री को राहत, 16 दिन और मिली बाहर रहने की अनुमति

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन को सोमवार को ऑस्ट्रेलिया में बीमार पड़ने के बाद 16 दिनों के लिए सिंगापुर से बाहर रहने की अनुमति दी गई है। दरअसल, ईश्वरन पर भ्रष्टाचार के दो आरोप लगे हैं। उनके वकील ने अदालत में आवेदन किया था, जिसके बाद उन्हें सिंगापुर से बाहर रहने की अनुमति दी गई।

### अतिरिक्त 16 दिन सिंगापुर से बाहर रहने की अनुमति

ईश्वरन पर कई आरोप लगे हैं, जिसमें दो भ्रष्टाचार के आरोप भी शामिल हैं। उन्हें पिछले महीने अपने



बेटे को यूनिवर्सिटी पहुंचाने के लिए 16 फरवरी से चार मार्च तक सिंगापुर छोड़कर ऑस्ट्रेलिया जाने की अनुमति दी गई थी।

एक स्थानीय मीडिया के अनुसार, टॉर्नी-जनरल चैंबर्स (एजीसी) के प्रवक्ता ने बताया, आज स्टेट कोट्र्स में विशेष उल्लेख के तहत बचाव पक्ष ने ईश्वरन को देश से बाहर रहने की अनुमति 16 दिन यानी 19 मार्च तक बढ़ाने के लिए आवेदन दाखिल किया था क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया प्रवास के दौरान अस्वस्थ हो गए थे। हालांकि, बयान में ईश्वरन की बीमारी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।

### वीडियो कॉल के जरिए देना होगा अपडेट

बढ़ी हुई अवधि के नियमों के अनुसार, ईश्वरन को प्रतिदिन वीडियो कॉल के जरिए अपनी बीमारी का अपडेट देना होगा। ईश्वरन अब 19 मार्च को सिंगापुर लौटेंगे। पूर्व मंत्री को 20 मार्च तक अपना पासपोर्ट करप्ट प्रैक्टिसेस इंवेस्टिगेशन ब्यूरो को सौंपना होगा।

ईश्वरन पर एक मंत्री के तौर पर कारोबारी ओंग बेंग सेंग से 200,000 सिंगापुर डॉलर से अधिक मूल्य की वस्तुएं प्राप्त करने के 24 मामलों का आरोप है। ओंग वह शख्स हैं जो 2008 में सिंगापुर में फॉमूर्ला वन लेकर आए थे। इन कीमती वस्तुओं में सिंगापुर ग्रांड प्रिक्स (जीपी), ब्रिटेन में फुटबॉल मैच और म्यूजिक के टिकट शामिल हैं। उन पर न्याय की प्रक्रिया में बाधा डालने का भी आरोप है। भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो ने पिछले साल 11 जुलाई को ईश्वरन को गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह जमानत पर बाहर हैं।






# स्वर्गीय रिछपाल सिंह की पुण्य तिथि पर किए गए श्रद्धा सुमन अर्पित



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के पिता स्वर्गीय रिछपाल सिंह की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के पैतृक गांव महमद पुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहले हवन पूजन के साथ स्वर्गीय रिछपाल सिंह की पुण्य तिथि सभा की शुरूआत हुई। सभी गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय रिछपाल सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पुलिस ने 17 करोड़ की संपत्ति की कुर्क



**गाजियाबाद, (करंट क्राइम)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लोगों को अपने जाल में फंसाकर फर्जी जमीन दिखाकर पैसे ऐंठने वाले शातिर गिरोह के सरगना की संपत्ति गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को कुर्क की। पुलिस के मुताबिक गैंगस्टर की 17 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है। इस पर कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। इस गैंगस्टर ने अपने कई नाम रखे हुए थे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव ने बताया अलग-अलग नाम से फर्जीवाड़ा कर कुख्यात भू माफिया की 17 करोड़ की संपत्ति को गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क किया गया है। भूमाफिया संजय चतुर्वेदी उर्फ लक्ष्य चतुर्वेदी उर्फ संजय उर्फ आरके शर्मा के नाम से जाना जाता है। पुलिस के मुताबिक इस पर कुल 9 मुकदमे कायम हैं। साथ ही इसका ग्रुप भोले भाले लोगों को फर्जी जमीन दिखाकर उनसे पैसे हड़प लिया करता था। पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली में दो और थाना मसूरी में एक इसकी संपत्ति मिलाकर कुल 17 करोड़ की है, जो कुर्क की जा रही है।

# केबल तार से गला घोंटकर पत्नी को मार डाला



**नोएड़ा।** चोटपुर कॉलोनी स्थित घर में बिस्तर पर मृत अवस्था में मिली महिला की हत्या की गई थी। उसका वायर से गला घोटा गया था। पुलिस ने डेटा केबिल बरामद कर लिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई। अवैध संबंध का संदेह और चार मंजिला घर हत्या का कारण बताया जा रहा है। मृतका के भाई अनेकपाल की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ हत्या की धारा में सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज हुआ है। आरोपी पति की तलाश में पुलिस की दो टीमें कई ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव की पूजा की शादी बदायूं के ही देवपाल से करीब 14 साल पहले हुई थी। दोनों के दो लड़की और एक लड़का है।

# आज से ही नमो भारत ट्रेन का आनन्द ले सकेंगे, उद्घाटन के लिए तैयार





**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** नमो भारत ट्रेन के मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण व मोदीनगर उत्तर स्टेशन उद्घाटन के लिए तैयार हो गये हैं। लिफ्ट से लेकर प्लेटफार्म का कार्य लगभग पूरा किया जा चुका है। इन स्टेशनों के बीच 6 मार्च यानि आज से ही नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। देर सांय के तीनों स्टेशनों को सजाने, संवारने का काम युद्वस्तर पर चल रहा है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। रैपिड रेल ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) खंड-2 मुरादनगर से मेरठ दक्षिण तक 25 किलोमीटर लंबा है। खंड पर नमो भारत ट्रेन का ट्रायल चल रहा है।

6 मार्च यानि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। यह खंड दुहाई ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे से मेरठ साउथ स्टेशन तक है। ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से यात्रियों के लिए साहिबाबाद से मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक तक 34 किमी तक ट्रेन उपलब्ध होंगी। एनसीआरटीसी ने तीनों स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है।



## मोदीनगर स्टेशन का प्रवेश एवं निकास द्वार तैयार

**करंट क्राइम।** मोदीनगर में यात्रियों की सुविधा के लिए मोदीनगर साउथ व मोदीनगर नॉर्थ दो स्टेशन बनाए गये हैं। यहां ग्राउंड लेवल पर स्टेशन में प्रवेश व निकास के लिए दोनों ओर एक-एक गेट है। सीढ़ियों के साथ दो-दो एस्कलेटर और एक-एक लिफ्ट लगाई है। दोनों स्टेशन की लंबाई लगभग 215 मीटर, चैड़ाई लगभग 25 मीटर और प्लेटफॉर्म लेवल की ऊंचाई करीब 16 मीटर है। स्टेशन पर सभी निर्माण कार्य पूरे हो चुके है। एस्कलेटर व लिफ्ट लगा भी चालू कर दी गई है।

जनपद गाजियाबाद की तहसील मोदीनगर घनी आबादी वाले शहरों में से एक है। मोदीनगर में मोदी शुगर मिल से राज चैपला से आगे तक जाम रहता है। लोगों की सुविधा के लिए एनसीआरटीसी ने मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नॉर्थ दो स्टेशन बनाए गए हैं। दोनों स्टेशन के निर्माण से मोदीनगर को जाम की समस्या से निजात मिलने की पूरी संभावना है। यहां यात्रियों को कार से छोड़ने की सुविधा भी है।

## जाम से मिलेंगी निजात

**करंट क्राइम।** नमो भारत ट्रेन के संचालन के बाद से दिल्ली- मेरठ हाईवे व राज चैराहे पर प्रतिदिन लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा मिलने की पूरी संभावना है। इसके लिये गतदिनों पूर्व सड़कों का जंहा चैड़ीकरण किया गया, वही पैदल पार पथ की व्यवस्था भी की गई है। इतना ही नही नमो भारत ट्रेन के संचालन के बाद से हाईवे पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों के आवागमन में भी कमी आने की बात कही जा रही है, क्योकि, दिल्ली, गाजियाबाद या मेरठ आदि स्थानों को जाने वाले लोग नमो भारत ट्रेन में सफर करना ज्यादा बेहतर समझेगे जिससे हाईवे पर ट्रैफिक में कमी आयेंगी ओर लोगों को जाम से निजात मिलेंगी।

## दिल्ली का सफर हुआ सुहाना

**करंट क्राइम।** 160 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से चलने वाली नमो भारत ट्रेन का सफर मेरठ से दुहाई तक केवन 10 मिनट में ही तय किया जायेंगा।

इतना ही नही मेरठ से दिल्ली के लिये अब केवल 40 मिनट में का समय लेंगा। आमजन के लिये अब मेरठ से दिल्ली का सफर भी सुहाना हो गया है।

# महापौर सुनीता दयाल ने निगम क्षेत्र की नर्सरियों पर कसा शिकंजा, कराई जांच

## पिछले 5 वर्षो से लगभग 70 नर्सरियों का नहीं जमा हुआ निगम कोष में कोई पैसा, होगी निरस्तीकरण की कार्रवाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महापौर बनने के बाद सुनीता दयाल ने कई मौकों पर और कई बार अपनी कार्यकुशलता और विकासपरक सोच का परिचय दिया है।

देखने में यह भी आया कि शहर के विकास के मुददों पर उन्होंने कभी कोई समझौता नहीं किया। गलत कार्यों पर मौन भी नहीं रहीं और निष्पक्ष होकर सख्त निर्णय लिया। महापौर शहर हित और निगम हित में कार्य कर रही हैं जिसके लिए कई बार देर रात में भी निरीक्षण करती हैं। ऐसे ही पूर्व में नर्सरी संचालकों द्वारा अत्यधिक क्षेत्र घेरने,एवं नर्सरियों में अन्य व्यवसाय करने की शिकायत पर महापौर ने जांच कराई थी जिसमें नर्सरी संचालकों द्वारा ज्यादा क्षेत्रफल घेरने, नर्सरियों में अन्य व्यवसाय( चाय के खोके,पान की दुकान,मछली बेचना,खोके रखना आदि) किये हुए थे जिस पर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई भी की गई थी।



महापौर ने कार्रवाई की जड़ तक पहुँचने के लिए फिर से उद्यान विभाग की टीम लगाई जिसमें देखने में आया कि लगभग 70 नर्सरी संचालकों द्वारा 5 वर्षो से नगर निगम कोष में कोई भी पैसा जमा नहीं कराया गया है जिससे नगर निगम को लगभग 30 लाख रूपये प्रतिवर्ष घाटा हो रहा है।

इस प्रकरण पर महापौर बहुत गंभीरता से निर्णय लिया और उद्यान प्रभारी डॉ अनुज को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये। महापौर सुनीता दयाल ने निर्देश दिये कि जिनके भी पैसे वित्तीय वर्ष में जमा नहीं होते हैं तो तत्काल प्रभाव से नर्सरी निरस्तीकरण की कार्रवाई होगी और सामान भी जब्त किया जाएगा जिसके लिए नर्सरी संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 22 वर्ष पूरे हर्ष के साथ पूजा शर्मा और विकास शर्मा ने पूरे किए। 22 सालों में जीवन पथ पर विकास भी हुआ और सुख शांति के लिए पूजा भी की है। मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। बधाई शुभकामनाएं देनेवालों का सिलसिला चलता रहा। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।